दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

उद्योगों की समस्याओं के हल के लिए शैक्षणिक संस्थान निभा सकते हैं अहम भूमिका : मीत हेयर

● कैबिनेट मंत्री ने इंडस्ट्री की मुश्किलों का माहिरों से हल करवाने के लिए की वैबसाइट लांच

कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर बैटरी वाहन चलाते हुए।

सवेरा न्यूज/धीर

पटियाला, 4 जनवरी : कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि राज्य के उद्योगों को पेश आ रही समस्यायों के हल के लिए पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड और थापर इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी ने सांझेदारी कर प्रौद्योगिकी की मदद से उद्योग की समस्यायों का हल प्रोग्राम की शुरुआत की है। उन्होंने सन्नतकारों को समस्याएं रजिस्टर करवाने के लिए वैबसाइट लांच करते हुए मीत हेयर ने कहा कि उद्योग और खोज संस्थाओं के बीच तालमेल बनाने के लिए वैबसाइट तैयार की गई है जहां रजिस्टर हुई समस्या माहिरों की तरफ से हल की जाएगी। इस मौके पीपीसीबी के चेयरमैन प्रो. आदर्श पाल विग ने प्रदूषण पर काबू पाने के लिए तकनीकि संस्थाओं के साथ हाथ मिलाने के लिए बोर्ड की तरफ से की गई पहलकदमियों की रूप रेखा बताई। डायरैक्टर टीआईईटी प्रो. गोपालन ने औद्योगिक समस्यायों के तकनीकि हल ढूंढने के लिए उद्योग तक पहुंचने के लिए अकादमिक भाईचारे द्वारा किए गए यत्नों की प्रशंसा की। पीपीसीबी के मैंबर सचिव जीएस मजीठिया ने वर्कशाप के उद्देश्यों बारे बताया। इस मौके जिला योजना समिति के चेयरमैन जस्सी सोहिय वाला, नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन मेघ चंद शेरमाजरा, एस. डी. एम. डा. इसमित विजय सिंह और डा अनूप कुमार भी मौजूद थे।